राज्य में स्थापित होगा ब्लॉक चेन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

चर्चा में क्यों?

28 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में पारदर्शिता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लॉक चेन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिये 28 करोड़ रुपए की मंज़ूरी दी।

प्रमुख बिंदु

- राजस्थान सरकार द्वारा राज्यवासियों को एक सुरक्षित एवं पारदर्शी ई-गवर्नेंस देने की प्रतिबद्धता के साथ राज्य में ब्लॉक चेन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिये आगामी पाँच वर्षों हेतु 28 करोड़ रुपए का वित्तीय प्रावधान किया गया है।
- विदित है कि अशोक गहलोत ने चालू वित्तीय वर्ष में 24 करोड़ रुपए के व्यय की स्वीकृति दी है।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि ब्लॉक चेन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना तथा तकनीकी विशेषज्ञों की सेवाएँ प्राप्त करने के लिये आईआईआईटी कोटा से एमओयू किया जाएगा। इसके अंतर्गत इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड्स, जन आधार रेजिडेंट डाटा रिपॉजिटरी आदि में पारदर्शिता एवं सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक द्वारा वर्ष 2022-23 के बजट में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग का विस्तार करते हुए ब्लॉक चेन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के संबंध में घोषणा की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/block-chain-centre-of-excellence-to-be-set-up-in-state